<u>महत्वपूर्ण</u>

<u>संख्या-21/2015/586/78-1-2015-87आई0टी0/2014टीसी</u>

प्रेषक,

जी0एस0 नवीन कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यूपी डेस्को, उ0प्र0, लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 18 जून, 2015

विषय: ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में ग्रीन फील्ड इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-864, दिनांक 28-05-2015, जिसके साथ अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, जनपद गौतमबुद्ध नगर के पत्रांक-उद्योग/2015/6503, दिनांक 22-05-2015 को संदर्भित करते हुए अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश में ग्रीन फील्ड इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में यूपी डेस्को के साथ संयुक्त रूप से Co-applicant ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर(ई0एम0सी0) की स्थापना हेतु सहमति प्रदान कर दी गयी है, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-20/2015/511/78-1-2015-50आई0टी0/2015, दिनांक 08-06-2015 के क्रम में यूपी डेस्को के उक्त प्रस्ताव पर शासन द्वारा सहमति प्रदान की जाती है। कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in